विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :176 स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष नवम्बर 2016


- नवम्बर 2016 में 25 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 11
- उदयपुर का तापमान नवम्बर माह में : अधिकतम 35.0° सेल्सियस, न्यूनतम 13.0° सेल्सियस रहा।
- अक्टूबर माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं विशिष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग

- **विशेष सहयोग**– श्रीमती शैल गुप्ता रु. 1,100
- **हेल्प टू नीडी** – श्रीमती निर्मला राव रु. 5,000; श्री गुलाबसिंह रु. 6,000; कुमारी प्रकृति सारस्वत रु. 4000
- **छात्रवृत्ति** – श्री हीरालाल पगारिया रु. 5,000; डॉ. के.बी. शर्मा रु. 10,000
- **स्टूडेन्ट वेलफेयर**– प्रो. सुशीला अग्रवाल रु. 4000

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- **लोकविज्ञान** : नवम्बर अंक के लेख– **गणित : जीवन का आधार; पेयजल; स्वास्थ्य - 2025 : कुछ सम्भावनाएं; प्रतिभावान युवा वैज्ञानिक; वृद्धावस्था का रोग : डिमेंशिया; विज्ञान।**

## महिला सशक्तीकरण

- **नवाचार महिला प्रकोष्ठ** : नवाचार महिला प्रकोष्ठ की बैठक विज्ञान समिति में 10 नवम्बर को आयोजित हुई। सांस्कृतिक संयोजिका **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुण्डिया** ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत की। कुछ खेल तथा मनोरंजनात्मक कार्यक्रम हुए। प्रशिक्षिका **श्रीमती दीपिका जैन** ने ब्रेड पुडिंग, ब्रेड सेण्डविच, ब्रेड के दही बड़े, गुलकन्दी दावत आदि डिशेज सिखाई। बैठक में 55 महिलाएं उपस्थित थी। सभी ने बड़े उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। दिसम्बर माह में होने वाले वार्षिक समारोह **'झनकार'** की जानकारी दी गई।
- **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ** : इस प्रकोष्ठ की बैठक **मैडम मेरी क्यूरी सभागार** में दि. 21.11.16 को आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित 75 महिलाओं ने **श्रीमती विजयलक्ष्मी बंसल** के जन्मदिन में भाग लिया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी एवं श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने उपरना ओढ़ाकर **श्रीमती बंसल** का स्वागत किया। महिलाओं ने खेल व अन्ताक्षरी कार्यक्रम का आनन्द लिया। दिसम्बर माह में होने वाले वार्षिक समारोह **'झनकार'** की जानकारी दी गई।
- **ग्रामीण महिला चेतना शिविर** : दिनांक 30 नवम्बर को आयोजित शिविर में 35 महिलाएं उपस्थित थी। मीठा नीम गाँव की **श्रीमती कुसुम** एक नया समूह बना कर लाई। सभी नई सदस्याओं का परिचय कराया गया। प्रो. जे.एन. कविराज ने जीवन में शिक्षा के महत्त्व पर उपयोगी जानकारी दी। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने तम्बाकू निषेध दिवस (30 नवम्बर) का महत्त्व बताया तथा तम्बाकू से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने अपने वक्तव्य से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक किया। **डॉ. श्रीमती शैल गुप्ता** ने अंधविश्वासों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। नउआ की **डिम्पल पुरोहित** ने मधुर भजन की प्रस्तुति दी। वह आगे भी सीखना चाहती है और विज्ञान समिति से सहयोग मांगा। **श्रीमती रेणु भंडारी** ने लहर पत्रिका पर चर्चा की तथा वितरण किया गया। प्रशिक्षिका **श्रीमती संगीता तलेसरा** ने तिल के लड्डू, भुने चने की चिक्की, मूंगफली की चिक्की, मुरमुरे के लड्डू व तिल की बरफी बनाना सिखाया।

सहसंयोजिका **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने कार्यक्रम की व्यवस्था की। नई सदस्याओं को जीवन पच्चीसी का वितरण किया गया।

पतंजलि योग महिला समिति द्वारा शिविर में आई सदस्याओं को योग सम्बन्धी जानकारी दी गई। सभी को पतंजलि के उत्पाद के नमूने निःशुल्क उपलब्ध कराए।

## स्वास्थ्य सेवाएं

- ***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर*** : **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। नवम्बर माह में 8 शिविर हुए जिसमें 95 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।
- ***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर*** : विज्ञान समिति में इकतालिसवां शिविर दिनांक 20 नवम्बर 2016 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल.जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ; **डॉ. अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ; **दर्शन डेंटल कॉलेज** के

दंत रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम, **डॉ. शैल गुप्ता,** योग विशेषज्ञ; **श्री अंकित नागौरी**–ब्लड शुगर जांच; **डॉ. भानु प्रकाश,** ई.एन.टी. विशेषज्ञ; **श्री बी.एल.पोखरना, ललित पोरवाल एवं श्री स्वप्निल ओझा** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 37 नागरिकों का (13 सामान्य, 22 हृदय, 06 अस्थि, 3 ई.एन.टी., 11 मधुमेह, 2 दंत रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 7 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **बयालीसवां शिविर 18 दिसम्बर 2016** रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में **प्रो. अरुण चतुर्वेदी** ने कहा कि राज्य और अर्थव्यवस्था के बदलावों को सम्पूर्णता से समझने की आवश्यकता है। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. के एल कोठारी ने की तथा संचालन **श्री मुनीश गोयल** ने किया।

● प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली चर्चाओं में समसामयिक विषयों पर गहन चर्चाएं हुई।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ


इस प्रकोष्ठ की बैठक 5 नवम्बर को आयोजित की गई। दीपावली की शुभकामनाओं से प्रारम्भ होकर **श्री शांतिलाल जैन** ने दक्षिण पूर्व एशिया में जैन धर्म पर वार्ता प्रस्तुत की। श्री जैन ने अपनी यात्रा के अनुभव और ऐतिहासिक अध्ययन के आधार पर इस क्षेत्र में जैन धर्म की प्राचीन काल में विद्यमानता के साक्ष्य प्रस्तुत किए।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का 37 वां अंक (नवम्बर 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ।

## आदर्श ग्राम विकास योजना का शुभारंभ

**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं विज्ञान समिति,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में चयनित गांव **देवाली** में ग्राम विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति **डॉ. उमा शंकर शर्मा** तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकाय–सदस्य एवं विज्ञान समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर किसान गोष्ठी आयोजित की गई। विज्ञान समिति संस्थापक **डॉ. के.एल. कोठारी** ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि वर्ष 2016–17 के लिये वि वविद्यालय एवं विज्ञान समिति ने मावली तहसील की ग्राम पंचायत नांदवेल का एक गांव देवाली का चयन किया गया है। इस चयनित गांव में विज्ञान समिति द्वारा ि ाक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक उन्नयन, ग्रामीण स्च्छता, महिला स ाक्तिकरण एवं व्यवसायिक प्र ि ाक्षण के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सिलाई प्र ि ाक्षण कार्यक्रम का भुभारंभ किया गया जिसमें 30 महिलाएं एक माह तक प्र ि ाक्षण प्राप्त करेंगी। भौक्षणिक कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिभावान 5 छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा प्रो. जे. एन.कविराज ने घोषणा की कि आँखों की जांच हेतु एक चिकित्सा ि ाविर का आयोजन भी किया जायेगा। **डॉ. के.बी.**




**शर्मा** अध्यक्ष विज्ञान समिति द्वारा शीघ्र ही एक पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कराने की घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति, एमपीयूएटी, **डॉ. उमा शंकर शर्मा** ने बताया कि कृषि एवं प ाुपालन विकास से सम्बन्धित कार्यक्रम वि वविद्यालय द्वारा किये जायेंगे। आगामी जायद फसल में मूंग व भिण्डी के प्रद ार्न किसानों के खेतों पर लगाये जाएंगे। साथ ही प ाुपालकों के लिये प ाु चिकित्सा ि ाविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक **डॉ. आर.एस.राठौड** ने बताया कि ग्राम विकास हेतु एक कमेटी गठन किया गया है जिसमें **श्री उपेन्द्र कुमार जी, श्री इन्द्रसिंह जी चुण्डावत, श्री भंवर सिंह जी, श्री भेरू सिंह जी, श्री घीसूलाल मेघवाल, श्री जेता जी गायरी व श्रीमती प्रियंका सेन** आदि के सहयोग से आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जायेगी।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ि ाक्षा विभाग से **श्री महिपाल सिंह राठौड़** ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक, देवाली में विद्यार्थियों की ि ाक्षा में उच्च गुणवत्ता लाने का प्रयास किया जायेगा। गोष्ठी में **श्री उपेन्द्र कुमार**–प्रधानाध्यापक, **डॉ. लहाने** –प ाु चिकित्सक, **श्रीमती मंजुला शर्मा**–महिला कार्यक्रम प्रभारी विज्ञान समिति, सरपंच व उपसरपंच, नांदवेल सहित गांव के गणमान्य नागरिक एवं 175 प्रगति ील कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की धन्यवाद रस्म **श्री शान्तिलाल भण्डारी,** संयुक्त सचिव, विज्ञान समिति ने अदा की।




## घणोली माध्यमिक विद्यालय में विनियोग अवार्ड कार्यक्रम

विज्ञान समिति द्वारा समीपवर्ती ग्राम घणोली के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में **'विनियोग अवार्ड एवं छात्रवृत्ति'** का

## श्रद्धांजलि

हमारे संरक्षक सदस्य **श्री गंभीर सिंह जी मेहता** की धर्मपत्नी **श्रीमती शीला देवी मेहता** का आकस्मिक देहावसान 25 नवम्बर को हो गया। यह सराहनीय है कि परिवार ने दिवंगत आत्मा की इच्छानुसार पार्थिव शरीर को आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज को अध्ययन हेतु समर्पित किया। सादर श्रद्धांजलि।



विज्ञान समिति के आजीवन वरिष्ठतम सदस्य **काका श्री कन्हैयालाल जी बापना** का 99 वर्ष की उम्र पूर्ण करते हुए 4 दिसम्बर 2016 को आकस्मिक निधन होने का समाचार विज्ञान समिति परिवार को प्राप्त हुआ। यह जानकर सभी सदस्यों को अत्यन्त भाोक हुआ। आपका सदैव पितातुल्य व्यवहार एवं मार्गद र्न रहा। काका अत्यन्त जीवट के साथ सकारात्मक सोच वाले और सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने पीछे भरा पूरा ि ाक्षित एवं संस्कारी परिवार छोड़ गए जो एक बहुत बड़ी देन है।

आदरणीय काका का जन्म आमेट के प्रसिद्ध बापना परिवार में **श्रीमान् फूलचन्द जी बापना** के घर हुआ था, उदयपुर में विद्या भवन को अपना कर्मक्षेत्र बनाया और सेवानिवृत्ति के बाद विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया। अकाल के दौरान जब सरकारी सहयोग से घास वितरण के लिए मेवाड़ सहायता समिति बनी तो उसमें सह सचिव के रूप में नियमित सेवाएं प्रदान की। अपने घर से विज्ञान समिति तक प्रतिदिन अपने साधन से आते थे। बाद में विज्ञान समिति के आजीवन सदस्य बने। महावीर इंटरने ानल के सदस्य जब बने वे अस्सी के पार थे। इन सभी संस्थाओं में बहुत सक्रिय रूप से भागीदारी निभाते हुए, इन संस्थाओं के सभी सदस्यों को अपनी सक्रियता से प्रभावित किया।

विज्ञान समिति ने पिछले वर्ष उनके 100वें वर्ष में प्रवे ा पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया था और इस वर्ष भी 1 जनवरी को भातायु की पूर्णता पर एक भव्य समारोह विज्ञान समिति में आयोजित करने का परिवार की तरफ से सुझाव आया और विज्ञान समिति ने सहर्ष समुचित निर्णय कर सम्भावित कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई थी किन्तु भाायद विधि को यह मंजूर नहीं था।

समिति के समस्त सदस्य काका को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम सभी इस दुःख की घड़ी में बापना परिवार के साथ हैं।





कार्यक्रम प्रधानाध्यापिका **श्रीमती अंजु कटारिया** की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **डॉ. जे.के.दोशी** ने बालकों को सम्बोधित किया। विज्ञान समिति के संस्थापक **डॉ. के. एल. कोठारी** ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 8, 9, 10 के चार प्रतिभावान टॉपर्स को 'विनियोग अवार्ड' के अन्तर्गत नकद राशि एवं साहित्य प्रदान किया। जरुरतमंद छह विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। समिति की ओर से 25 विद्यार्थियों को स्वेटर भी दिये। विज्ञान समिति के सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** ने विद्यार्थियों के बीच प्रश्न मंच का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार दिये। कार्यक्रम में प्राचार्य **श्रीमती अपर्णा शर्मा** ने शिक्षा व संस्कार विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ. के.बी. शर्मा** द्वारा **''विनियोग अवार्ड''** अपनी पत्नियों की स्मृति में विगत कई वर्षों से प्रायोजित किया जाता रहा है।

### अन्य बिन्दु

- विज्ञान समिति के पदाधिकरियों एवं निदेशकों की एक बैठक दिनांक 23.11.2016 को आयोजित हुई जिसमें 16 महानुभावों ने भाग लिया। समसामयिक विषयों परचर्चा हुई। विशेषकर छात्रवृति के बारे में यह सुझाव सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया कि कॉलेज स्तर पर हम छात्रवृत्ति के बजाय स्टडी लोन देवें और इसके लिए एक लाख रु. का प्रावधान(प्रतिवर्ष) किया गया।

### सदस्यों सबंधी

- हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान् मदनसिंह जी-लीला जी सुराणा** का फोन हर सप्ताह आता है और विज्ञान समिति के सदस्यों के नाम से उन्हें याद करते हैं। उनके प्रति आभार।
- हमारी सदस्या **डॉ. श्रीमती प्राची भटनागर** को **डॉ. एस. राधाकृष्णन पोस्ट डॉक्टोरल फैलोशिप** प्रदान हुई एवं राष्ट्रीय स्तर पर होम साइन्स फील्ड में प्रथम स्थान पर चयनित हुई।
- हमारे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं भावी अध्यक्ष **इंजी आर.के. चतुर** ढाई माह के आस्ट्रेलिया प्रवास के बाद पुनः उदयपुर लौट आए हैं। हार्दिक बधाई।
- हमारे वयोवृद्ध सदस्य **श्रीमान् केसर सिंह जी सिसोदिया सा.**

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**December**

| | |
|---|---|
| Dr. S.P. Dhakar | 01/12 |
| Smt. Renu Dhakar | 02/12 |
| Dr. K.P. Talesara | 08/12 |
| Smt. Santosh Mehta | 10/12 |
| Shri R.C. Khandelwal | 10/12 |
| Sh.Manik Nahar | 20/12 |
| Sh. S.C. Mehnot | 24/12 |
| Smt. Arpana Sharma | 24/12 |
| Sh. Avinash Bhatnagar | 25/12 |
| Smt. Renu Bhandari | 27/12 |
| Sh. S.C. Mehta | 29/12 |
| Dr.I. L.Jain | 31/12 |

**January**

| | |
|---|---|
| Dr. G.C. Lodha | 01/01 |
| Dr. B. Bhandari | 03/01 |
| Sh. R.K. Khokhawat | 04/01 |
| Sh. Arun Sarupariya | 04/01 |
| Sh. S.P. Mittal | 06/01 |
| Sh.B.L.Kukda | 09/01 |
| Sh. N.K. Purohit | 10/01 |
| Sh.Mohanlal Vaishnav | 12/01 |
| Er. B.L. Khamesara | 13/01 |
| Mrs. Vimla Kothari | 24/01 |
| Sh.K.S.Sisodiya | 24/01 |
| Smt. Mudita Sharma | 24/01 |
| Sh. B.H.Bafna | 25/01 |
| Sh. Akhilesh Joshi | 25/01 |
| Sh.P.S.Roongta | 26/01 |
| Sh.Mangilal Lunawat | 31/01 |

**जन्म दिन मनाया**


2 नवम्बर श्री बी.एल. चावत, डॉ. शैल गुप्ता


4 नवम्बर डॉ. एम. के. भटनागर


4 नवम्बर श्री सुरेन्द्र भटनागर


23 नवम्बर प्रो. सुशीला अग्रवाल


25 नवम्बर डॉ. के.एल. तोतावत

का दशवें दशक में प्रवेश पर कृषि अधिकारी परिषद उदयपुर (जिसके वे संस्थापक अध्यक्ष बरसों तक रहे)द्वारा विज्ञान समिति परिसर में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर **डॉ. के.एल. कोठारी** ने उनके प्रति सम्मान स्वरूप कुछ संस्मरण सुनाए। **श्री सिसोदिया सा.** पत्नी वियोग के बाद अपने पुत्रों के साथ बाहर रहते हैं। अभी वे अहमदाबाद में हैं।

- हमारे उपाध्यक्ष **प्रो. महीप भटनागर** ने ओस्तवाल विश्वविद्यालय मंगलवाड़ में प्रेसीडेन्ट(कुलपति) का पद विधिवत ग्रहण कर लिया है। हार्दिक बधाई।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## विज्ञान समिति के दिसम्बर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 18 दिसम्बर 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✻ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 10 दिसम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✻ नवाचार एवं वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ का वार्षिक समारोह 'झनकार' | 18 दिसम्बर 2016 | सांय 05.00 बजे से |
| ✻ पूर्व अध्यक्ष स्व. एम.एल. मेहता का द्वितीय स्मृति व्याख्यान(प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक समाहित) वक्ता– डॉ. बी.पी शर्मा कुलपति, पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर | 27 दिसम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✻ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 दिसम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✻ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली गांव में कार्यक्रम का उद्घाटन | 02 दिसम्बर 2016 | अपराह्न 3.00 बजे से |
| ✻ डॉ. एन.सी जैन सा. के निर्देशन में ट्रेकिंग सप्ताह कायक्रम का उद्घाटन | 17 दिसम्बर 2016 | |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**